दैनिक जागरण 15-08-2023

गांधी मेमोरियल कालेज में एंटी रैगिंग कार्यक्रम आयोजित

एंटी रैगिंग कार्यक्रम के दौरान स्टाफ व विद्यार्थी। • विज्ञप्ति

अंबाला : गांधी मेमोरियल नेशनल कालेज में महिला सैल और अर्थशास्त्र विभाग के सहयोग से एंटी रैगिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान आयोजित हस्ताक्षर अभियान में छात्रों और अन्य सोसायटी के सदस्यों ने भाग लिया। अभियान का मुख्य उद्देश्य छात्रों को जागरूक करना था। प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने छात्रों को भारत में रैगिंग के खतरे के बारे में संबोधित किया और ऐसी गतिविधियों के कानूनी, मानसिक और शारीरिक परिणामों के बारे में भी बताया। उन्होंने यह भी दोहराया कि जो कोई भी सक्रिय या निष्क्रिय रूप से रैगिंग को बढ़ावा देने की साजिश का हिस्सा है, वह दंडित किया जा सकता है। इस दौरान डा. सीमा कंसल, डा. अनुराधा, डा. नियति, डा. नीना, प्रो. श्याम आदि मौजूद रहे। (जासं)